भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4184**

उत्तर देने की तारीख 18 जुलाई, 2019

27 आषाढ़, 1941 (शक)

**'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की विशेषताएं**

**4184. श्री अरूण सावः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने देश में युवा और खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त निधि मंजूर की है;

(ग) यदि हां, तो छत्तीसगढ़ सहित तत्संबंधी राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का देश में युवा और खेल गतिविधियों में सुधार/विकास हेतु कोई रणनीति बनाने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान निर्मित युवा छात्रावासों और स्टेडियमों का ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजनार्थ राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार और कार्यक्रम-वार कितनी निधि आबंटित की गई है; और

(च) सरकार द्वारा राज्य सरकारों को निधि का आबंटन बढ़ाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**( श्री किरेन रीजीजू )**

(क) खेलो इंडिया स्कीम की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य अनुबंध-1 में दिए गए हैं।

(ख) से (च): ''खेल'' राज्य का विषय होने के कारण देश में युवा और खेल कार्यकलापों में सुधार/ विकास के लिए पर्याप्त निधियां संस्वीकृत करने और कार्यनीति बनाने तथा युवा छात्रावासों और स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। यह मंत्रालय इस संबंध में राष्ट्रीय खेल परिसंघों के माध्यम से खेल कार्यकलापों के संवर्धन के लिए, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में प्रशिक्षण, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता तथा अपने संगठनों नामत: नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय सेवा योजना

(एनएसएस) के माध्यम से देश में युवा कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करता है।

इस मंत्रालय की स्कीमों के लिए निधियों का राज्य-वार आवंटन नहीं किया जाता। युवा और खेल कार्यकलापों के लिए चालू वर्ष के दौरान इस मंत्रालय को निधियों के आवंटन का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **युवा कार्यक्रम विभाग** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **स्कीम का नाम** | **आवंटन (करोड़ रु.)** |
| 1. | सचिवालय सामाजिक सेवा | 32.00 |
| 2. | राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम | 394.92 |
| 3. | राष्ट्रीय सेवा योजना | 160.00 |
| 4. | राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान | 30.00 |
| | कुल | 616.92 |

| **खेल विभाग** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **स्कीम का नाम** | **आवंटन (करोड़ रु.)** |
| 1. | खेल संस्थानों का विकास | 587.00 |
| 2. | खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पुरस्कार | 411.00 |
| 3. | खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम | 602.00 |
| | कुल | 1600.00 |

मणिपुर में थोबाल और चूराचांदपुर में 2 युवा छात्रावासों का निर्माण क्रमश: वर्ष 2016 और 2017 में किया गया है जबकि अरुणाचल प्रदेश में रोइंग में एक युवा छात्रावास का निर्माण वर्ष 2019 में किया गया है। मणिपुर में थोबाल और चूराचांदपुर तथा अरुणाचल प्रदेश में रोझ्ंग में युवा छात्रावासों के निर्माण के लिए क्रमश: 2.36 करोड़ रु., 2.31 करोड़ रु. और 2.74 करोड़ रु. की धनराशि जारी की गई है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत किसी स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत संस्वीकृत खेल अवसंरचना का ब्यौरा अनुबंध-2 में दिया गया है।

*****

**'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की विशेषताएं के संबंध में श्री अरूण साव, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 18.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4184 के भाग (क) के संबंध में अनुबंध**

**अनुबंध-1**

खेलो इंडिया स्कीम की मुख्य विशेषताएं

**क) खेल मैदान विकास:** खेल मैदानों और खेल अवसंरचना के इष्टतम उपयोग के लिए इसकी राष्ट्रीय सूची भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्लेटफार्म पर तैयार की जाएगी। खेल मैदानों के परिरक्षण, संरक्षण, विकास और संवर्धन हेतु एक सुदृढ़ संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में भारतीय राष्ट्रीय खेल मैदान एसोसिएशन (एनपीएफएआई) की तर्ज पर राज्य और जिला खेल मैदान एसोसिएशन बनाए जाएंगे। जिला और राज्य स्तर के एसोसिएशन वर्तमान खेल क्षेत्र को रजिस्टर करेंगे, उन्हें जीआईएस प्लेटफार्म में सुव्यस्थित करेंगे तथा जिला और राज्य एसोसिएशनों के माध्यम से राष्ट्रीय खेल मैदान एसोसिएशन (एनपीएफएआई) से संबद्ध करेंगे, इस प्रकार एक राष्ट्रीय डाटा बेस तैयार हो जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का विकास महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी स्कीम (एमजीएनआरईजीएस) तथा राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार की अन्य किसी स्कीम की समाभिरूपता से किया जाएगा। इसमें प्रायोगिक आधार पर खेल मैदानों का विकास भी शामिल होगा।

**ख) समुदाय कोंचिग विकास:** देशभर में समुदाय कोचों के विकास के लिए समुदाय कोच विकास का एक विस्तृत माडल अपनाया जाएगा। इसमें कौशल विकास और प्रमाणन प्रणाली शामिल होगी। एक अल्पावधि समुदाय कोचिंग विकास कार्यक्रम तैयार किया जाएगा तथा अभिज्ञात पीईटी को मास्टर प्रशिक्षुओं या कोच डेवलपर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। ये मास्टर प्रशिक्षु अपने-अपने राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में अन्य पीईटी/ स्वयंसेवकों को समुदाय कोचों के रूप में प्रशिक्षित करेंगे और समुदाय स्तर पर टीमें तैयार करेंगे। समुदाय कोच विकास हेतु आनलाइन पाठयक्रम को भी प्राथमिक और उन्नत स्तरों पर विकसित किया जाएगा।

**ग) राज्य स्तर खेलो इंडिया केन्द्र:** कोचों/अंशकालिक कोचों की कमी, सहायक स्टाफ जैसे फिजियोथेरेपिस्ट तथा मसाजकर्ताओं, उपकरणों, उपयुक्त खेल मैदानों, उपभोज्य वस्तुओं, डे-बोर्डिंग सुविधाओं आदि की कमी के कारण और आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता की कमी के कारण देशभर में स्थापित अधिसंख्य खेल अवसंरचना का इष्टतम उपयोग नहीं किया जा रहा है। तदनुसार, यह प्रस्ताव है कि उपयुक्त समझौता ज्ञापन के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की खेल अवसंरचना का सही उपयोग के लिए सहायता प्रदान की जाए और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) स्कीम के अनुसार कोचों की नियुक्ति, डे बोर्डिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहायता प्रदान की जाए।

**घ) वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं:** खेलो इंडिया खेल कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक बुनियादी मंच होगा और तदनुसार राष्ट्रीय स्तर पर अभिज्ञात प्रतिभावान खिलाड़ियों और नैसर्गिक तथा प्रतिभावान बच्चों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु एक मंच प्रदान करेगा। केन्द्रीय सरकार देशभर के विभिन्न भागों में मुख्य खेल विधाओं से संबद्ध राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) तथा भारतीय स्कूल खेल परिसंघ (एसजीएफआई) और भारतीय विश्वविद्यालयों की एसोसिएशन (एआईयू) सहित विश्वविद्यालय खेल संवर्धन निकायों की सहायता से प्राथमिकता की श्रेणी की खेल विधाओं में निम्नलिखित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं अर्थात खेलो इंडिया राष्ट्रीय विद्यालय खेल तथा खेलो इंडिया राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों का आयोजन करेगा।

**ड.) प्रतिभा पहचान और विकास:** खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्कूलों, कालेजों, विश्वविद्यालयों तथा राष्ट्रीय खेल परिसंघों की सहभागिता, राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज पोर्टल से प्राथमिकता वाली खेल विधाओं जिनमें हमारे देश को क्षमता/लाभ प्राप्त है, में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए एक मंच उपलब्ध होगा। पुरस्कार विजेताओं के चयन के अतिरिक्त विधिवत गठित की गई प्रतिभा पहचान समिति भी विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभा की पहचान करने और पता लगाने के लिए वैश्विक रूप से मान्य वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएगी। खेल प्रतिभा की पहचान के अंतर्गत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से प्रतिभा स्काउटों ( इस प्रयोजन के लिए नियुक्त) द्वारा बच्चों का पूरे देश में ट्रायल शामिल है।

**च) खेल अवसंरचना की उपयोगिता और सृजन:** देश में अधिकांश स्कूलों, कालेजों तथा यहां तक कि विश्वविद्यालयों में भी खेल मैदानों एवं खेल अवसंरचना का अभाव है। खिलाड़ियों तथा देशभर में विशेषकर केंद्रीय सरकार/राज्य सरकारों के नियंत्रणाधीन आसपास के समुदाय के सदस्यों वाली सक्रिय प्रबंधन समिति की व्यवस्था के माध्यम से विद्यमान उपलब्ध खेल अवसंरचना का उपयोग करने के प्रयास किए जाएंगे। देशभर में खेल अवसंरचना की उपलब्धता में अंतरालों की पहचान करने और खेलो इंडिया के अंतर्गत सहायता से इन अंतरालों को भरने के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाएगा। खेलो इंडिया स्कीम को संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) स्कीम के साथ अभिसरित किया जाएगा। राज्य भी विधान सभा सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एएलएएलएडी) स्कीम को खेलो इंडिया स्कीम के साथ अभिसरित करने का प्रावधान कर सकते हैं। इस घटक में निम्नलिखित दो उप घटक होंगे:

i. उत्कृष्टता कार्यक्रम का विश्वविद्यालय केंद्र: चयनित विश्वविद्यालयों में खेल उत्कृष्टता के केंद्र स्थापित करने के लिए।

ii. उपयुक्त खेल अवसंरचना का सृजन: इस घटक के अंतर्गत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों, साई आदि को महत्वपूर्ण खेल अवसंरचना और अन्य अवसंरचना जहां कमी है, विकसित करने के लिए सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा।

**छ) राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य खेल अकादमियों को सहायता:** अभिज्ञात खेल प्रतिभाओं को भाखेप्रा राष्ट्रीय खेल अकादमियों, राज्य खेल अकादमियों और खेल विद्यालयों या निजी क्षेत्र द्वारा स्थापित खेल अकादमियों में प्रवेश लेने का विकल्प दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण, राज्य सरकारों या निजी क्षेत्र की अभिज्ञात खेल विधाओं से संबंधित खेल अकादमियों की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए या दीर्घावधि खिलाड़ी विकास (एलटीएडी) कार्यक्रम (8 वर्ष) को सुकर बनाने और पूर्ति करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत खिलाड़ियों के लिए सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा। परा-खिलाड़ियों के लिए कम से कम एक अकादमी को सहायता दी जाएगी।

**ज) शारीरिक स्वस्थता:** खेलो इंडिया के अंतर्गत भारत के सभी स्कूलों में शारीरिक स्वस्थता के घटक को लागू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय शारीरिक स्वस्थता मानकों को क्षेत्रीय रूप से विकसित किया जाएगा और स्कूल जाने वाले सभी बच्चों की शारीरिक स्वस्थता का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक विद्यालय को टूल किट प्रदान किया जाएगा। खेल और शारीरिक शिक्षा के एकीकरण के लिए सलाहकार की भूमिका का वहन करने हेतु एक तंत्र विकसित किया जाएगा। खेल को एक एक ऐसा अनिवार्य विषय बनाकर स्कूली शिक्षा के साथ एकीकृत किया जाएगा जिसके लिए अंक दिए जाएंगे। इसे स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सहयोग से किया जाएगा।

**झ) महिलाओं के लिए खेल:** यद्यपि खेलो इंडिया स्कीम के सभी घटक लिंग तटस्थ हैं और खेल कार्यकलापों और खेल के विकास में सहभागिता के लिए महिलाओं को भी अवसर प्रदान करते हैं, यह प्रस्ताव है कि महिलाओं के लिए वार्षिक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। ऐसी खेल विधाओं पर बल दिया जाएगा, जहां महिलाओं की भागीदारी कम है ताकि ऐसी खेल विधाओं में महिलाएं अधिक संख्या में भाग लें।

**ञ) शांति और विकास के लिए खेल:** भारत सरकार जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष पैकेज के तहत राज्य में खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान कर रही है। इस अवसंरचना का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, कोच, उपकरण, उपभोज्य सामग्रियों, तकनीकी सहायता, प्रतियोगिता आदि के रूप में सहायता दी जाएगी। युवाओं के सकारात्मक नियोजन के लिए जम्मू-कश्मीर राज्य में लोकप्रिय खेल विधाओं में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताएं संचालित करने के प्रयास किए जाएंगे। उग्रवाद और आतंकवाद प्रभावित और अन्य अशांत क्षेत्रों में भी इसी तरह के प्रयास किए जाएंगे।

**ट) दिव्यांगजनों के बीच खेल का प्रचार:** दिव्यांगजनों के लिए विशेषज्ञ खेल अवसंरचना के निर्माण हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और साई को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। स्टेडिया को दिव्यांगजन अनुकूल/बाधा रहित बनाने के लिए जरूरी आवश्यक निधियां दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की दिव्यांगजन अधिनियम के कार्यान्वयन की योजना (एसआईपीडीए) से ली जाएंगी। इस शीर्ष के तहत उपलब्ध कराये गए धन का उपयोग खिलाड़ियों के वर्गीकरण, उपकरण, प्रशिक्षण और पैरालम्पिक खेलों के लिए टीमों की तैयारी एवं विधाओं और प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा।

**ठ) ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों का संवर्धन:** हमारे ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों को प्रदर्शित करने के लिए, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत ग्रामीण और देशज /जनजातीय खेलों में वार्षिक प्रतियोगिताओं को बारी-बारी से आयोजित किया जाएगा। इस तरह के खेलों के बारे में जानकारी प्रदान करने वाला एक गतिशील और इंटरैक्टिव वेबसाइट भी बनाया जाएगा। इससे आज की पीढ़ी को इन खेलों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ बच्चों और युवाओं को इन खेलों को बड़े स्तर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी जिससे भविष्य में इन्हें मुख्य धारा में लाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

****

**अनुबंध-2**

**'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की विशेषताएं के संबंध में श्री अरूण साव, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 18.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4184 के भाग (ख) से (च) के संबंध में अनुबंध**

**अनुबंध**

**खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में संस्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

(करोड़ रु)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | (i) कोमाडी मिनी खेल परिसर विशाखापत्तनम में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना | 7.00 |
| 2. | | (ii) नेल्लोर में इंडोर स्टेडियम/बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 3. | | (iii) विज्जी स्टेडियम ,विजयनगरम में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 3.00 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | तिरबिन-बसर, जिला पश्चिम सियांग में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 6.00 |
| 5. | गुजरात | नरोदा, जिला अहमदाबाद में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक का निर्माण | 7.00 |
| 6. | कर्नाटक | सैनिक स्कूल बाजीपुर में सिंथेटिक हॉकी ट्रैक बिछाना | 5.50 |
| 7. | कर्नाटक | साई क्षेत्रीय केन्द्र, बैंगलूरु में सिंथेटिक फुटबाल टर्फ बिछाना | 5.00 |
| 8. | केरल | गवर्नमेंट ब्रेनेन कॉलेज, थालासरी, कन्नौर (एलएनसीपीई) में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना। | 7.00 |
| 9. | मिजोरम | लैंग्टालाई खेल मैदान लॉन्गस्टलाई में सिंथेटिक एस्ट्रो-टर्फ फुटबॉल मैदान बिछाना | 4.50 |
| 10. | ओडिशा | कलिंगा स्टेडियम स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, भुवनेश्वर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 11. | पुडुचेरी | सरदंबल नगर, पुडुचेरी में स्विमिंग पूल का निर्माण | 5.00 |
| 12. | राजस्थान | एलबीएस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कोटपुटली | 3.12 |

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| | | सरकार में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल, फुटबॉल ग्राउंड और एथेलेटिक ट्रैक का निर्माण | |
| 13. | तेलंगाना | इंदिरा गांधी आउटडोर स्टेडियम, मेडक में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना | 5.50 |
| 14. | उत्तर प्रदेश | कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में सिंथेटिक हॉकी फील्ड का बिछाना | 5.50 |
| 15. | महाराष्ट्र | साई पश्चिमी प्रशिक्षण केन्द्र, औरंगाबाद में तरण-ताल का निर्माण | 5.00 |
| 16. | झारखंड | साई प्रशिक्षण केन्द्र, हजारीबाग में हॉकी और फुटबॉल ग्राउंड का उन्नयन। | 2.07 |
| 17. | उत्तराखंड | परेड ग्राउंड, देहरादून में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| | | **कुल** | **95.19** |

*****

**खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में संस्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु)**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | जिला स्टेडियम, चुरु में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रक बिछाना | 6.30 |
| 2. | असम | साई एसएजी केंद्र कोकराझार में सिंकेटक एथेलेटिक ट्रैंक का बिछाना | 7.00 |
| 3. | नागालैंड | साई एसएजी केन्द्र दीमापुर में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक का बिछाना | 7.00 |
| 4. | मणिपुर | साई एनईआरसी टकियल, इंफाल में सिंथेटिक फुटबॉल टर्फ का बिछाना | 5.00 |
| 5. | दिल्ली | जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम नई दिल्ली में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक को बदलना | 7.00 |
| 6. | हरियाणा | साई उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र सोनीपत में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 7. | महाराष्ट्र | साई क्षेत्रीय केंद्र मुंबई में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 8. | कर्नाटक | साई दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, बैंगलुरु में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 9. | अरुणाचल प्रदेश | लोहित जिले के तहत वाको में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 10. | असम | मौलाना एमडी तय्युबुल्लाह हॉकी स्टेडियम, बोतापाड़ा, गुवाहटी (व्यय की प्रतिपूर्ति) में सिंथेटिक हॉकी फील्ड बिछाने सहित नवीनीकरण/उन्नयन | 4.50 |
| 11. | आंध्र प्रदेश | जिला खेल प्राधिकरण ग्राउंड, काकीनाडा, पूर्वी गोदावरी जिले में एस्ट्रो हॉकी टर्फ फील्ड बिछाना | 5.50 |
| 12 | तमिलनाडु | तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा और खेल विश्वविद्यालय, वंदालूर, केलमबाकम रोड, मेलकोट्टैयुर पोस्ट, चेन्नई में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का बिछाना | 7.00 |
| 13 | ओडिशा | पुरी में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 7.50 |
| 14. | पश्चिम बंगाल | साई प्रशिक्षण केन्द्र, जलपाइ गुडी में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना | 7.00 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 15. | उत्तर प्रदेश | डॉ बीआर अम्बेडकर स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, लालपुर, वाराणसी में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना | 7.00 |
| 16. | छत्तीसगढ़ | जसपुर में सिंथेटिक हॉकी टर्फ बिछाना। | 5.44 |
| 17. | हरियाणा | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय, हिसार में सिंथेटक एथेलेटिक टर्फ बदलना | 4.65 |
| 18. | जम्मू और कश्मीर | इस्लामिक यूनिवर्सिटी आफ सांईस एंड टेक्नोलोजी (आईयूएसटी) अंवतीपुरा, पुलवामा में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बिछाना | 6.09 |
| 19. | कर्नाटक | हलियाल तालुक स्टेडियम में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण। | 7.50 |
| 20 | मध्य प्रदेश | टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 6.00 |
| 21. | पंजाब | श्रीमती लाजवंती खेल परिसर, होशियारपुर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 7.00 |
| 22. | राजस्थान | महाराणा प्रताप खेलो गांव, उद्यपुर में सिंथेटिक हॉकी फील्ड बिछाना | 5.50 |
| 23. | तमिलनाडू | जिला खेल परिसर, थंजापुर में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक बिछाना। | 7.00 |
| 24. | तेलंगाना | करीम नगर में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बिछाना। | 7.00 |
| 25. | उत्तराखंड | लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मंसूरी में एथेलेटिक सिंथेटिक ट्रेक बिछाना | 5.00 |
| 26. | नई दिल्ली | मेजर ध्यानचंद स्टेडियम नई दिल्ली हेतु राष्ट्रीय हॉकी अकादमी में सिंथेटिक हॉकी टर्फ बदलना। | 4.50 |
| 27. | नई दिल्ली | जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम, नई दिल्ली हेतु, राष्ट्रीय एथेलेटिक और फुटबॉल अकादमियों के लिए 100 बिस्तरों वाला खेल हॉस्टल का निर्माण। | 9.00 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 28. | नई दिल्ली | डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, तुग्लकाबाद नई दिल्ली हेतु राष्ट्रीय शूटिंग अकादमी में 100 बिस्तरों वाले खेल हॉस्टल का निर्माण | 7.00 |
| 29. | मणिपुर | साई पूर्वोत्तर प्रादेशिक केन्द्र इम्फाल में फुटबॉल अकादमी से संबंधित फैंसिग समेत विविध कार्य। | 2.00 |
| 30. | राजस्थान | एसटीसी जयपुर में बहुउद्देशीय हॉल में सिंथेटिक फर्श और रोशनी का प्रबंध करना। | 0.99 |
| 31. | गुजरात | देवगढ़ बरिया जिला दाहौर में हॉकी टर्फ मैदान बिछाना। | 4.67 |
| 32. | राजस्थान | 5 ब्लॉक मुख्यालयों में<br>(i) राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बापीनी जोधपुर, (ii) ब्लॉक मुख्यालय, खिन्सवार, नागपुर, (iii) सुनहेल, झलावल, (iवी) ब्लॉक मुख्यालय, जेतरन, पाली और (वी) सिसवाली, अन्ता, बरण में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 4.00 |
| 33. | हरियाणा | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार (साई) एसटीसी केन्द्र में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 34. | मध्य प्रदेश | टी.टी.नगर स्टेडियम, भोपाल में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक को फिर से बिछाना। | 4.49 |
| 35. | मध्य प्रदेश | ग्राम गौरा भोपाल में मौजूद 50 मीटर शूटिंग रेंज का विस्तार | 6.91 |
| 36. | ओडिशा | जिला मुख्यालय, जिला बौद्ध में तरण-ताल का निर्माण। | 5.00 |
| 37. | राजस्थान | महाराजा गंगा सिंह स्टेडियम, श्री गंगा नगर में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बिछाना | 7.00 |
| 38. | उत्तराखंड | खेल स्टेडियम रोशनाबाद सलेमपुर, | 5.50 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| | | हरिद्वार में सिंथेटिक एथलेटिक मैदान बिछाना। | |
| 39. | राजस्थान | राजकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय जाम, रामगढ़ में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 2.94 |
| 40. | असम | एसएजी-तीन सुखिया में 400 मीटर की एथेलेटिक ट्रेक की सिंथेटिक 8 लेन तथा सबबेस, ड्रेनेज तथा चैंन लिंक लगाना। | 7.00 |
| 41 | राजस्थान | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परगपुरा जिला जयपुर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 2.99 |
| 42. | मिजोरम | साई एसएजी सेन्टर, थैंजवाल, मिजोरम में सिंथेटिक फुटबॉल टर्फ बिछाना। | 5.00 |
| 43. | गुजरात | वलावव, जिला बडौदरा में स्वणिंम खेल विश्वविद्यालय परिसर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 44. | मध्य प्रदेश | साई केन्द्रीय प्रादेशिक सेन्टर, भोपाल में तरण-ताल का निर्माण | 3.39 |
| 45. | असम | साई एसएजी केन्द्र कोकराझर, असम में एफआईएच अनुमोदित सिंथेटिक हॉकी टर्फ लगाना | 5.50 |
| 46. | त्रिपुरा | गोमती जिले त्रिपुरा के अंतर्गत चंद्रपुर फुटबॉल मैदान, उदयपुर में सिंथेटिक फुटबॉल टर्फ लगाना | 5.00 |
| 47. | ओडिशा | जिला खेल परिसर, बुरला में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल लगाना | 7.50 |
| 48. | राजस्थान | दीदवाना स्टेडियम में अकादमी बिल्डिंग तथा सोलर लाईट का निर्माण करना | 1.00 |
| 49. | राजस्थान | खिनश्वर स्टेडियम में बास्केटबॉल, वालीबॉल, सोलर लाईट, पानी की टंकी 200 मीटर, एथेलेटिक ट्रैक का निर्माण | 1.50 |
| 50. | राजस्थान | स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुनझुन में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक बिछाना | 7.00 |
| 51. | केरल | एलएनसीपीई त्रिवेदनम में इंडोर हॉल नं02 का निर्माण | 8.00 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 52 | कर्नाटक | शीरा लकोपा शहर, शिवामोगा जिले में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 1.50 |
| 53. | राजस्थान | स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुनझुनु में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 54. | तेलंगाना | वारगंल शहर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक बिछाना | 7.00 |
| 55. | कर्नाटक | जिला स्टेडियम, हसन में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बिछाना | 7.00 |
| 56. | पंजाब | वारहीरो स्टेडियम संगरुर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 7.47 |
| 57 | राजस्थान | दिहू स्टेडियम, जिला जोधपुर में चार दीवारी, बास्केटबॉल, वालीबॉल, क्रिक्रेट, सोलर लाईट, कार्यालस बिल्डिंग, शोचालय ब्लॉक का निर्माण। | 1.50 |
| 58. | राजस्थान | लोहावट स्टेडियम जिला जोधपुर में चार दीवारी, बास्केटबॉल, वालीबॉल, क्रिक्रेट, सोलर लाईट, कार्यालस बिल्डिंग, शोचालय ब्लॉक का निर्माण। | 1.50 |
| 59 | राजस्थान | बापिनी स्टेडियम, जिला जोधपुर में चार दीवारी, बास्केटबॉल, वालीबॉल, क्रिक्रेट, सोलर लाईट, कार्यालस बिल्डिंग, शोचालय ब्लॉक का निर्माण। | 1.50 |
| 60. | राजस्थान | श्री कर्णापुर स्टेडियम, जिला गंगा नगर में इंडोर हॉल तथा टिकेट ब्लॉक का निर्माण | 1.00 |
| 61. | राजस्थान | एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में चार चैम्पियनशिप बैडमिंटन कोर्ट सहित अवसंरचना के साथ बैडमिंटन एरेना। | 3.60 |
| 62. | राजस्थान | एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में वनआल ग्लास चैम्पियनशिप मैदान का निर्माण। | 1.50 |
| 63. | राजस्थान | भीलवाडा स्टेडियम में शूटिंग रेंज का समापन। | 1.00 |
| 64. | उत्तर प्रदेश | ग्रांम - हरिया ब्लॉक, हरिया जिला म्रिजापुर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 3.06 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | संस्वीकृत अनुदान |
|---|---|---|---|
| 65. | अरुणाचल प्रदेश | खनेवा बेमंग प्रशासनिक सब- डिविजन पूर्व कामेंग जिला के अंतर्गत बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | गांव नगांव विकास खंड - नगवा जिला सोनभद्र में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 3.68 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | पंचालीखुर्द जिला मेरठ में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 7.99 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | ग्राम माऊ, ब्लॉक मोहनलाल गंज, जिला लखनऊ में बहुउद्देशीय प्राकृतिक मैदान तथा शर्निंग चलते ट्रेक का बहुउद्देशीय निर्माण | 2.72 |
| 69. | अरुणाचल प्रदेश | तरक लंगदी, पनिया करा-दादी जिले के अंतर्गत बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 70. | अरुणाचल प्रदेश | कियोजोरिंग, नांचो अपर सुभानश्री के अंतर्गत बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| | | **कुल** | **382.71** |

**खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में संस्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु)**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **परियोजना का नाम** | **संस्वीकृत अनुदान** |
|---|---|---|---|
| 1. | अरूणाचल प्रदेश | राजकीय माध्यमिक विद्यालय लीडा, गुसार सर्कल अपर सुवानसिटी में बहुउद्देशीय इंडोर का निमार्ण | 8.00 |
| 2. | | रोईंग लावर दिबांग वैली में बहुउद्देशीय इंडोर का निमार्ण | 8.00 |
| 3. | | पालीन पैट्रोल पंप कालोनी, करा दादी जिला में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 4. | | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईटानगर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 5. | | जेंग तवांग जिला में सिंथेटिक 'एथेलेटिक ट्रेक का निर्माण | 7.00 |
| 6. | कर्नाटक | हुबली धारवाड़ नगर निगम, कर्नाटक में बहुउद्देशीय खेल परिसर इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 7. | महाराष्ट्र | नगर परिषद कटोल जिला नागपुर, महाराष्ट्र में ओलम्पिक तरन-ताल पार्किंग मैदान का उन्नयन | 5.00 |
| 8. | अरूणाचल प्रदेश | एडीसी मुख्यालय, कोडुखा अपर सुबानश्री जिले में बहुउद्देशीय हाल का निर्माण | 8.00 |
| 9. | | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिरांग पश्चिम कामेंग जिला, में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 10. | मध्य प्रदेश | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) मध्य प्रदेश में तरण-ताल का निर्माण | 4.95 |
| 11. | राजस्थान | राजस्थान में भिन्न-भिन्न विद्यालयों/स्थानों में (17) खेल मैदानों का विकास | 8.85 |
| 12. | अरूणाचल प्रदेश | तिराप जिले में केमई में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 13. | | निम्न सुबानसरी जिले के अंतर्गत रागा एडीसी मुख्यालय में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 14. | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर, में बीर बहादुर कॉलेज में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 15. | | गांव ढेढुई ब्लाक पट्टी, जिला प्रतापगढ़, में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल तथा रनिंग ट्रेक का निर्माण | 5.58 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | | गांव मंगगौरा तहसील पट्टी, जिला प्रतापगढ़ में मिनी स्टेडियम का निर्माण | 14.56 |
| 17. | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वी सियांग जिला के अंतर्गत मेर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 8.00 |
| 18. | महाराष्ट्र | पुणे के शिवछत्रपति कृपापीठ खेल परिसर में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उन्नयन, शिवछत्रपति कृदापीठ खेल परिसर, पुणे में शूटिंग रेंज का उन्नयन | 12.87 |
| 19. | उत्तर प्रदेश | ग्राम- गणेशपुर, ब्लॉक- फरेन्दा, जिला-महाराजगंज, उत्तर प्रदेश में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | 2.30 |
| 20. | | ग्राम मुडगाँव, ब्लॉक, मोहम्मदाबाद, जिला फर्रुखाबादसर में एथलेटिक ट्रैक के साथ बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 3.21 |
| 21. | | ग्राम रफत नगर सैंथरा, ब्लॉक निधौली कलाई, तहसील एटा, जिला मुख्यालय में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण | 4.53 |
| 22. | | स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर में 400 मी. सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना | 7.00 |
| 23. | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वी सियांग जिले के तहत बिलाट में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | गाँव-मंडपांडे, जिला मुरादाबाद में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 7.04 |
| 25. | | ग्राम और ब्लॉक आसपुर देवसरा, जिला प्रतापगढ़ में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 26. | | गाँव-सुन्नमई नियर रोडवेज वर्कशॉप, ब्लॉक-सुल्तानगंज, जिला मैनपुरी में एथलेटिक ट्रैक के साथ बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 3.10 |
| 27. | | सुदीपुर, ब्लॉक-दुबौलिया तहसील-हर्रैया, जिला बस्ती के पास ग्राम-बरगदहिया में एथलेटिक ट्रैक के साथ बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण। | 2.98 |
| 28. | | ग्राम मकसुदाबाद, ब्लॉक कल्याणपुर, जिला कानपुर नगर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 29. | मणिपुर | हाओ गाउंड चिंगमाथक, इंफाल पश्चिम में फुटबॉल मैदान और आरसीसी गैलरी का निर्माण। | 3.65 |
| 30. | | चरोइबुंग पब्लिक ग्राउंड, मयांग इम्फाल वेस्ट में बहुउद्देश्यीय इनडोर हॉल का निर्माण। | 5.98 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | | हयांगथांग कांगजेइबुंग, इम्फाल पश्चिम में फुटबॉल मैदान और आरसीसी गैलरी का निर्माण। | 3.64 |
| 32. | उत्तर प्रदेश | ग्राम पटेहरा कलां, जिला मिर्जापुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 3.31 |
| 33. | | जिला बाराबंकी के ग्राम धारौली में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 3.98 |
| 34. | | ग्राम-मिधौली, ब्लॉक-चिबब्रमऊ, जिला कन्नौज में बहुउद्देश्यीय हॉल, 400 मीटर प्राकृतिक रनिंग ट्रैक का निर्माण। | 5.39 |
| 35. | | ग्राम- सिमरिया तलुका महाराजपुर, पूरनपुर, जिला पीलीभीत में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 36. | गुजरात | स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, वलावव, जिला वडोदरा, गुजरात में स्विमिंग पूल का निर्माण। | 5.00 |
| 37. | महाराष्ट्र | स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का निर्माण, अर्थात्, सीटिंग गैलरी, बास्केटबॉल ग्राउंड, लॉन टेनिस कोर्ट और खेल शिक्षाविद और प्रशिक्षण केंद्र / छात्रावास | 6.00 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | ग्राम-अलाहदापुर, ब्लॉक-धनीपुर, जिला अलीगढ़ में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 6.10 |
| 39. | अरूणाचल प्रदेश | लेकांग सर्कल के तहत महदेपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 8.00 |
| 40. | पुदुचेरी | उप्पलम, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण। | 7.00 |
| 41. | सिक्किम | सोरेंग में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 7.90 |
| 42. | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रेलवे स्टेडियम में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण | 2.90 |
| 43. | साई दिल्ली | साई क्षेत्रीय केन्द्रों में संलग्न शौचालय वाले 300 बिस्तरों की क्षमता वाले 4 छात्रावासों का निर्माण | 70.88 |
| 44. | | | |
| 45. | | | |
| 46. | | | |
| | **कुल** | | **348.71** |

***